Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

Title : Need to take suitable measures for reconstruction of dilapidated building of Main Post office at Konch Nagar in Jalaun Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जालोन-गरौठा, उ0प्र0 के कोंच नगर के मुख्य डाकघर का भवन इतना जीर्ण-शीर्ण हो चुका है कि किसी दिन कोई त्रासदी हो सकती है। यदि भवन को तुड़वाकर सामने की ओर दुकानें बनायी जायें, पीछे की ओर डाकखाना बनवाया जाये और प्रथम मंजिल पर पोस्ट ऑफिस आ वास बनाया जाये तब दुकानों से प्रीमियम के रूप में इतनी धनराशि मिल जायेगी, जिससे सम्पूर्ण भवन का निर्माण कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त हजारों रूपया माह की आमदनी विभाग को मिलने लगेगी।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि दुर्घटना की संभावना को देखते हुए उपरोक्त नये डाकघर को बनाने के लिए समुचित कदम उठाये जायें।